>

Title: Issue regarding safety and security of Nuclear plants in the country.

डॉ. तरुण मंडल (जयनगर) : सर, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। मैं इस मुद्दे पर बोलना चाहता हूं, आज क्वैश्चन अवर में भी इस पर चर्चा हुई, इस देश के न्यूक्लियर प्लांट के सेफ्टी सिक्यूरिटी के बारे में, प्रधानमंत्री जी ने सवाल के उत्तर में कहा है कि इससे देश को कोई खतरा पैदा नहीं होगा लेकिन यह जवाब कोई वैज्ञानिक चिंतन, लॉजिक या डाटा के ऊपर आधारित नहीं है।

दुनिया के जो उन्नत देश हैं जैसे जापान जिसका तकनीक हम से बहुत ऊंचा है। जर्मनी स्वीटजरलैंड जैसे देशों में न्यूक्लियर पावर प्लांट का प्रयोग बंद कर दिया गया है और जर्मन ने कहा है कि वर्ष 2022 के बाद इससे कोई न्यूक्लियर पावर जेनरैशन नहीं करेंगे।

सर, पिछले बीस सालों से रूस और अमेरिका ने भी कोई नया रिएक्टर नहीं बनाया है। भूकंप और सुनामी के कारण खतरा जरूर पैदा हो सकता है जो फुकूसिमा में दिखा है। कुडानकुलम में वर्ष 2006 में भी भूकंप हुआ था और वर्ष 2011 में भी भूकंप आया था। वर्ष 2004 के सुनामी में पूरे कुडानकुलम के प्लांट में पानी आ गया था।

सर, हमारे प्रधानमंत्री दफ्तर से भी कहा गया है कि टेररिस्ट के कारण इसमें बहुत खतरा है। मेडिकल डाक्टर होने के नाते मैं भी जानता हूं कि इससे जो कुलेन्ट वाट र जो पानी फेका जाता है और जो वेस्ट प्रोडक्ट सागर में जाता है, रेडिऐक्टिवीटी के कारण पानी, हवा, मछली और जितने हमारे क्रापस है उन पर खतरा पैदा हो जाता है।

महोदय, मैं यही कहना चाहता हूं कि इसके खिलाफ उधर के वैज्ञानिक लोग जो पर्यावरण के विशेषज्ञ हैं जो साधारण मच्छीमार हैं और जनसाधारण ने इसका विरोध किया था और कर रहा है, लेकिन हमारी सरकार और तमिलनाडु की सरकार ने कहा था कि ये लोग ऐन्टी नेशनल हैं, देशद्रोही हैं। यह बिल्कुल गलत है। सरकार के चिंतन का कोई साइंटिफिक कारण दिखा कर विरोध करेगा तो इसको देशद्रोह नहीं कहा जाता है। यह किसके फायदे के लिए हो रहा है? हमारे देश के फायदे के लिए या हमारे जो कारपोरेट सेक्टर्स या दलाल लोग बाहर से जो रिएक्टर ले आता है उनके लाभ के लिए यह हो जाता है। मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि इसको बंद करना चाहिए। हमारे देश का जो फ्यूल रिजर्व, हाइड्रोइलेक्ट्रिसिटी, कन्वेंशनल एनर्जी है उनसे हमें पावर जेनरेशन करना चाहिए। हमारे देश का जनसाधारण जो उस क्षेत्र में जीवन निर्वाह कर रहा है इसलिए कुडानकुलम में नया थ्री और फोर परमाणु रिएक्टर नहीं बनाना चाहिए। इसको बंद करना चाहिए। हमारे देश के फ्यूचर के लिए होरीपुर में जो न्यूक्लीयर पावर प्लांट बनने वाला था वेस्ट बंगाल में सुश्री ममत बनर्जी की सरकार ने उसे बंद कर दिया गया है।

सर, केरल में कांग्रेस प्रचालित गवर्नमेंट है, उधर भी फैसला लिया गया कि उधर कोई न्यूक्लीअर पावर प्लांट नहीं बैठेंगे। हमारी सरकार को भी ऐसा फैसला लेना चाहिए। हमारे देश में न्यूक्लीअर पावर प्लांट से खतरा पैदा हो सकता है इससे जनसाधारण की रक्षा करनी चाहिए।

सर, आपके माध्यम से सरकार से मेरी यही विनती है।